# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Thursday, 24 September 2026**


## भारत को मिला ब्रह्मोस से भी खतरनाक STAR मिसाइल, पाकिस्तान के लिए बढ़ी चिंता !

Publisher Published on 20 May 2025



# भारत को मिली ब्रह्मोस से भी घातक STAR मिसाइल, रडार भी नहीं पकड़ पाएगा निशान।

**नई दिल्ली : ऑपरेशन सिंदूर** के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस बीच भारत की रक्षा क्षमताओं में एक बड़ी सफलता जुड़ गई है। **DRDO** ने एक नई मिसाइल **STAR (Supersonic Target**) को डेवलप किया है, जो न केवल ब्रह्मोस मिसाइल से सस्ती है, बल्कि उससे कहीं ज्यादा तेज और खतरनाक भी मानी जा रही है।

### STAR मिसाइल क्या है ?

**STAR मिसाइल (Supersonic Target)** को खासतौर पर **हवाई, थल** और **नौसेना** तीनों के लिए तैयार किया गया है। यह मिसाइल **DRDO** के तहत विकसित की जा रही है और वर्तमान में इसका तीसरा परीक्षण चरण चल रहा है।

इस मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे रडार पकड़ नहीं सकते। साथ ही यह हवा में अचानक दिशा बदलने और **शत्रु रडार** को नष्ट करने में भी सक्षम है। **STAR मिसाइल** की अधिकतम **स्पीड 3,062** किमी/घंटा है।

### STAR मिसाइल की अहम खूबियां

१. हाई स्पीड: ब्रह्मोस की तुलना में **STAR मिसाइल की स्पीड** ज्यादा है।

२. रडार से बचाव: शत्रु देश की **रडार तकनीक** इसे ट्रैक नहीं कर पाएगी।

३. किफायती: ब्रह्मोस के मुकाबले यह मिसाइल **सस्ती** और **ज्यादा किफायती** है।

४. **ग्लोबल स्टैंडर्ड**: इसे हवा से हवा और हवा से जमीन पर हमले के लिए डिजाइन किया गया है।

५. लचीलापन: इस मिसाइल को विभिन्न मिशनों के लिए आसानी से कस्टमाइज़ किया जा सकता है।

### कैसे होती है STAR मिसाइल की टेस्टिंग ?

तीसरे चरण की टेस्टिंग में **STAR मिसाइल** के सभी प्रमुख हिस्सों जैसे कि **नेविगेशन सिस्टम, कंट्रोल यूनिट** और **इंजन** को एकसाथ जोड़कर युद्ध जैसी परिस्थिति में उड़ाया जाता है। अगर यह सभी टेस्ट में सफल होती है, तो **DRDO** जल्द ही इसका सीमित उत्पादन शुरू करेगा।

### पाकिस्तान की मुश्किले बंढ़ीं

**STAR मिसाइल** की क्षमता को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान की सेना के लिए यह एक गंभीर चिंता का विषय बन सकती है। भारत की रक्षा शक्ति में इस मिसाइल के जुड़ने से पाकिस्तान की र**डार प्रणाली** और **एयर डिफेसं सिस्टम** को गहरी चुनौती मिलेगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.